‘सस्टेन बाई कार्टिस्ट’ एग्जीबिशन

drishtiias.com/hindi/printpdf/sustain-by-cartist-exhibition

चर्चा में क्यों?

5 सितंबर, 2021 को राजस्थान के कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने **जवाहर कला केंद्र (जेकेके)** की अलंकार गैलरी में **‘सस्टेन बाई कार्टिस्ट’** आर्ट एग्जीबिशन का उद्घाटन किया। यह एग्जीबिशन 12 सितंबर तक आयोजित की जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- यह एग्जीबिशन **कबाड़ के उपयोग से आर्ट और डेकोर की वस्तुओं का एक अनूठा प्रदर्शन** है। जवाहर कला केंद्र के साथ कार्टिस्ट ने पुरानी कार के पाट्र्स और ऑटोमोटिव वेस्ट के उपयोग से ऑटो पाट्र्स की अपसाइकिलिंग को बढ़ावा देने और डिज़ाइनर फर्नीचर को क्यूरेट करने के लिये इस पहल की शुरुआत की है।
- **‘सस्टेन बाई कार्टिस्ट’** नामक इस अनूठी पहल को एक महीने के लिये राजस्थान के 33 ज़िलों तक पहुँचाया जाएगा। सभी ज़िलों में स्थानीय कारीगरों के साथ मिलकर काम करते हुए वर्कशॉप्स और एग्जीबिशंस का आयोजन किया जाएगा।
- कार्टिस्ट द्वारा इस अनूठी पहल में पुरानी गाड़ियाँ, जो कबाड़ बन गई हैं और जिन्हें कबाड़ में डाल दिया जाता है, उनका पूरी तरह से उपयोग किया गया है। इस एग्जीबिशन में टायर, ग्रिल, हुड, सीट आदि जैसे गाड़ियों के प्रत्येक भाग का उपयोग फर्नीचर और सज़ावट की वस्तुओं को बनाने के लिये किया गया है।
- इन स्क्रैप पाट्र्स का उपयोग कलाकृतियाँ बनाने के लिये किया गया है, जिससे कि सभी नए कलाकारों को ऐसे कई मटेरियल्स का उपयोग करके उसे कला का रूप देने के लिये प्रेरित किया जा सके।